राज्यपाल सचिवालय
राज भवन,जयपुर

# राज्यपाल श्री मिश्र ने 12  केबिनेट एवं  10 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई

## राजभवन में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

जयपुर, 30 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने  राजभवन में आयोजित भव्य समारोह में 12 केबिनेट एवं  10 राज्य मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्य मंत्रियों में 5 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार सम्मलित हैं।

राष्ट्रगान से प्रारंभ हुए शपथ ग्रहण समारोह से पहले मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने राज्यपाल श्री मिश्र से शपथ दिलवाने के लिए अनुमति ली।

राज्यपाल श्री मिश्र द्वारा मंत्री परिषद सदस्यों को अपने नाम के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ से पूर्व मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने शपथ लेने वाले मंत्रियों का नाम पुकारा।

राज्यपाल श्री मिश्र ने  आरंभ में 12 को केबिनेट मंत्री के पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने 5 को राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार की और 5 को राज्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम की कार्यवाही का संचालन मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने किया

शपथ ग्रहण समारोह में राज्य मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों ने हिन्दी भाषा में ईश्वर को साक्षी मानकर पद और गोपनीयता की शपथ ली।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और मुखमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने मंत्री परिषद सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी और श्री प्रेमचंद बैरवा और उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने भी शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को बधाई शुभकामनाएं दी।

शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित विधायकों सहित प्रशासनिक, पुलिस व न्यायिक सेवा के अधिकारियों के साथ ही राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

---


राजभवन, राजस्थान
राज्य मंत्रिपरिषद
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक 30 दिसम्बर, 2023


राजभवन, राजस्थान
राज्य मंत्रिपरिषद
शपथ ग्रहण समारोह


राजभवन, राजस्थान
राज्य मंत्रिपरिषद
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक 30 दिसम्बर, 20


राजभवन, राजस्थान
राज्य मंत्रिपरिषद
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक 30 दिसम्बर, 2023


राजभवन, राजस्थान
राज्य मंत्रिपरिषद
शपथ ग्रहण समारोह


राजभवन, राजस्थान
राज्य मंत्रिपरिषद
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक 30 दिसम्बर, 2023